# गिरगिट

Question 1.
भीड़ के अनुसार कुत्ता किसका था?
(a) काठगोदाम के मालिक का
(b) वह एक आवारा कुत्ता था
(c) जनरल झिंगालॉव का
(d) ख्यूक्रिन का ही |

▼ Answer

Answer: (c) जनरल झिंगालॉव का।

---

Question 2.
पुलिस इंस्पेक्टर ने ख्यूक्रिन पर क्या आरोप लगाया?
(a) तूने इसकी नाक में जलती सिगरेट लगाई होगी
(b) तूने इसे डंडा मास होगा
(c) तूने इसकी पूँछ दबाई होगी
(d) तूने इसका कान काटा होगा

▼ Answer

Answer: (a) तूने इसकी नाक में जलती सिगरेट लगाई होगी
कि तूने कुत्ते की नाक में जलती सिगरेट लगाई होगी।

---

Question 3.
'अबे, ओ काने की औलाद!' यह किसने कहा?
(a) पुलिस इंस्पेक्टर ने
(b) सिपाही ने
(c) ख्यूक्रिन ने
(d) जनरल झिंगालॉव ने

▼ Answer

Answer: (c) ख्यूक्रिन ने
ख्यूक्रिन ने सिपाही से कहा।

---

Question 4.
जनरल साहब के पास कैसे कुत्ते हैं?
(a) पोंटर नस्ल के
(b) भोटिया नस्ल के
(c) देशी नस्ल के
(d) अरबी नस्ल के

▼ Answer

Answer: (a) पोंटर नस्ल के।

---

Question 5.
जनरल साहब के बावर्ची का क्या नाम था?
(a) येल्दीरीन
(b) वाल्दीमीर
(c) प्रोखोर
(d) इवाचिन |

▼ Answer

Answer: (c) प्रोखोर।

---

Question 6.
जनरल साहब की कैसे कुत्तों में दिलचस्पी नहीं
(a) पोंटर नस्ल के
(b) बारजोयस
(c) भोटिया नस्ल के
(d) देशी नस्ल के

▼ Answer

Answer: (b) बारजोयस।

---

Question 7.
जनरल साहब के भाई का क्या नाम था?
(a) प्रोखोर
(b) येल्दीरीन
(c) ऑचुमोलाव
(d) बाल्दीमीर इवानिच

▼ Answer

Answer: (d) बाल्दीमीर इवानिच।

---

Question 8.
भीड़ किसकी हालत पर हँस रही थी?
(a) येल्दीरीन की
(b) आचुमेलॉव की
(c) प्रोखोर की
(d) ख्यूक्रिन की

▼ Answer

Answer: (d) ख्यूक्रिन की।

---

Question 9.
'गिरगिट' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) मुंशी प्रेमचंद
(b) अंतोन चेखव

(c) रवींद्र केलकर
(d) प्रहलाद अग्रवाल

▼ Answer

Answer: (b) अंतोन चेखवा

---

Question 10.
पुलिस इंस्पेक्टर का नाम क्या था?
(a) ख्यूक्रिन
(b) येल्दीरीन
(c) ओचुमेलॉव
(d) पिचूगिन

▼ Answer

Answer: (c) ओचुमेलॉव।

---

Question 11.
काठगोदाम के व्यापारी का क्या नाम था?
(a) येल्दीरीन
(b) झिंगालाव
(c) पिचूगिन
(d) दिचूगिन

▼ Answer

Answer: (c) पिचूगिन।

---

Question 12.
'यह तो जन-शांति भंग हो जाने जैसा कुछ दिख रहा है' यह किसने कहा?
(a) सिपाही ने
(b) इंस्पेक्टर ने
(c) भीड़ ने
(d) काठगोदाम के मालिक ने

▼ Answer

Answer: (a) सिपाही ने।

---

Question 13.
ख्यूक्रिन की पोशाक कैसी थी?
(a) उसने कुर्ता-पाजामा पहन रखा था
(b) वह ओवरकोट पहने था
(c) उसने बटन-विहीन वास्केट पहन रखी थी
(d) वह रंग-बिरंगे कपड़े पहने था

▼ Answer

Answer: (c) उसने बटनविहीन वास्केट पहन रखी थी।

---

Question 14.
कुत्ते की आँखों से क्या लग रहा था?
(a) कि वह शरारती है
(b) कि उसकी आँखों में संकट और आतंक की गहरी छाप थी
(c) कुत्ते की आँखों से लग रहा था कि वह शैतान |
(d) कि वह भूखा है

▼ Answer

Answer: (b) कि उसकी आँखों में संकट और आतंक की गहरी छाप है।

---

Question 15.
ख्यूक्रिन, काठगोदाम क्या लेने गया था?
(a) सोना
(b) चाँदी
(c) लोहा
(d) लकड़ी

▼ Answer

Answer: (d) लकड़ी।

---

Question 16.
येल्दरीन से पुलिस इंस्पेक्टर ने क्या कहा?
(a) कि यह काठगोदाम किसका है
(b) कि यह कुत्ता किस नस्ल का है
(c) कि यह कुत्ता किसका है
(d) यह कुत्ता किस रंग का है

▼ Answer

Answer: (c) कि यह कुत्ता किसका है।

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

सहसा ओचुमेलॉव के कानों में एक आवाज़ गूंजी-"तो तू काटेगा? तू? शैतान कहीं का! ओ छोकरो! इसे मत जाने दो। इन दिनों काट खाना मना है। पकड़ लो इस कुत्ते को। आह....!"

तब किसी कुत्ते के किकियाने की आवाज़ सुनाई दी। ओचुमेलॉव ने उसे आवाज़ की दिशा में घूमकर घूरा और पाया कि एक व्यापारी पिचूगिन के काठगोदाम में से एक कुत्ता तीन टाँगों के बल पर रेंगता चला आ रहा है। छींट की कलफ़ लगी कमीज़ और बिना बटन की वास्केट पहने हुए, एक व्यक्ति कुत्ते के पीछे दौड़ रहा था। गिरते-पड़ते उसने कुत्ते को पिछली टाँग से पकड़ लिया। फिर कुत्ते का किकियाना और एक चीख-"मत जाने दो"-दोबारा सुनाई दी। दुकानों में ऊँघते हुए चेहरे बाहर झाँके और देखते ही देखते, जैसे ज़मीन फाड़कर निकल आई एक भीड़, काठगोदाम को घेरकर खड़ी हो गई।

Question 1.
आचुमेलॉव के कानों में किसकी आवाज़ गूंजी?
(a) ख्यूक्रिन की
(b) कुत्ते की
(c) जनरल झिगालॉवं की
(d) येल्दरीन की

▼ Answer

Answer: (a) ख्यूक्रिन की
ख्यूक्रिन की आवाज़।

---

Question 2.
कुत्ता किस प्रकार चला आ रहा था?
(a) दौड़ता हुआ
(b) हाँफता हुआ
(c) सरपट दौड़ता हुआ
(d) तीन टाँगों के बल रेंगता हुआ

▼ Answer

Answer: (d) तीन टाँगों के बल रेंगता हुआ।

---

Question 3.
कुत्ते के पीछे दौड़ने वाले व्यक्ति ने कैसी कमीज़ पहनी थी ?
(a) छींट की कलफ़ लगी कमीज
(b) बड़ी चैक वाली कमीज़
(c) घुटनों तक नीची कमीज़
(d) चोगे जैसी कमीज़

▼ Answer

Answer: (a) छींट की कलफ़ लगी कमीज़।

---

Question 4.
दुकानों से कैसे चेहरे बाहर झाँकने लगे?
(a) प्रसन्नचित्त
(b) उदास
(c) ताज़गी भरे
(d) ऊँघते हुए चेहरे |

▼ Answer

Answer: (d) ऊँघते हुए चेहरे
ऊँघते हुए।

---

Question 5.
ख्यूक्रिन ने कुत्ते को कहाँ से पकड़ रखा था?

(a) कान से
(b) गले से
(c) पिछली टाँग से ।
(d) पंजे से

▼ Answer

Answer: (c) पिछली टाँग से ।
पिछली टाँग से पकड़ रखा था।

---

(2)

"हुजूर! यह तो जन-शांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है," सिपाही ने कहा।

ओचुमेलॉव मुड़ा और भीड़ की तरफ़ चल दिया। उसने काठगोदाम के पास बटन विहीन वास्केट धारण किए हुए उस आदमी को देखा, जो अपना दायाँ हाथ उठाए वहाँ मौजूद था तथा उपस्थित लोगों को अपनी लहूलुहान उँगली दिखा रहा था। उसके नशीले-से हो आए चेहरे पर साफ़ लिखा दिख रहा था-"शैतान की औलाद! मैं तुझे छोड़ने वाला नहीं! और उसकी उँगली भी जीत के झंडे की तरह गड़ी दिखाई दे रही थी। ओचुमेलॉव ने इस व्यक्ति को पहचान लिया। यह ख्यूक्रिन नामक सुनार था और इस भीड़ के बीचोबीच, अपनी अगली टाँगें पसारे, नुकीले मुँह और पीठ पर फैले पीले दागवाला, अपराधी-सा नजर आता, सफ़ेद बारज़ोई पिल्ला, ऊपर से नीचे तक काँपता पसरा पड़ा था। उसकी आँसुओं से सनी आँखों में संकट और आतंक की गहरी छाप थी।

Question 1.
पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- पाठ : गिरगिट।
- लेखक : अंतोन चेखव।

---

Question 2.
सिपाही ने यह क्यों कहा कि "हुजूर; यह तो जन-शांति भंग होने जैसा कुछ दीख रहा है।"

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- काठगोदाम के चारों ओर इकट्ठा भीड़ को देखकर।
- तब तक यह पता नहीं था कि क्या बात है।

---

Question 3.
ओचुमेलॉव ने भीड़ के बीच क्या देखा ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- भीड़ के बीच एक आदमी अपनी लहुलुहान अँगुली उठाकर दिखा रहा था।
- उस आदमी ने बटन विहीन बास्केट पहन रखी थी।

---

Question 4.
घायल अँगुली वाला व्यक्ति कौन था ? उसको देखकर क्या लगता था ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- घायल अँगुली वाला व्यक्ति ख्यूक्रिन था
- वह सुनार का कार्य करता था।
- उसको देखकर लगाता था कि वह बदला लेकर ही छोडेगा।

---

Question 5.
भीड़ के बीच पिल्ले की कैसी दशा हो रही थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- भीड़ के बीच डर के मारे पिल्ला टाँगे पसारे पड़ा था।
- वह काँप रहा था और उसकी आँखों से आँसू आ रहे थे।
- वह अपराधी भाव से पसरा पड़ा था।

---

(3)

"हूँ.... ठीक है, ठीक है," ओचुमेलॉव ने अपना गला खंखारते और अपनी त्योरियाँ चढ़ाते हुए कहा-"ठीक है, यह तो बताओ कि यह कुत्ता किसका है। मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं हूँ। कुत्तों को इस तरह आवारा छोड़ देने का मज़ा मैं इनके मालिकों को चखाकर रहूँगा। जो कानून का पालन नहीं करते, अब उन लोगों से निबटने का वक्त आ गया है। उस बदमाश आदमी को मैं इतना जुर्माना ठोकूँगा ताकि उसे इल्म हो जाए कि कुत्तों और जानवरों को इस तरह आवारा छोड़ देने का क्या नतीजा होता है? मैं उसे ठीक करके रहूँगा," तब सिपाही की तरफ मुड़कर उसने अपनी बात जारी रखी-"येल्दीरीन! पता लगाओ यह पिल्ला किसका है और इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार करो। इस कुत्ते को बिना देरी | किए खत्म कर दिया जाए। शायद यह पागल हो..... मैं पूछ रहा हूँ आखिर यह किसका कुत्ता है?"

Question 1.
ओचुमेलॉव ने यह क्यों कहा कि मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- उसको ख्यूक्रिन से कोई हमदर्दी नहीं थी

- वे कुत्ते के मालिक से पैसा ऐंठना चाहते थे।

---

Question 2.
ओचुमेलॉव कुत्ते के मालिक को क्या सबक सिखाना चाहता था ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वह उस पर जुर्माना ठोकना चाहता था
- ताकि उसको जानवरों को आवारा छोड़ने का नतीजा मिल सके।

---

Question 3.
ओचुमेलॉव ने येल्दीरीन को क्या निर्देश दिए ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- इस कुत्ते के मालिक का पता लगाओ।
- इस कुत्ते को बिना देरी किए खत्म कर दिया जाए।

---

Question 4.
येल्दीरीन कौन था?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- येल्दीरीन एक सिपाही था।
- जो इंसपेक्टर ओचुमेलॉव के साथ आया था।

---

(4)

"हूँ! येल्दीरीन, मेरा कोट पहन लेने में ज़रा मेरी मदद करो। मुझे इस हवा से ठंड लगने लगी है। इस कुत्ते को जनरल साहब के पास ले जाओ और पता लगाओ कि क्या यह उन्हीं का तो नहीं है? उनके कहना कि यह मुझे मिला और मैंने इसे वापस उनके पास भेजा है। और उनसे यह भी विनती करना कि वे इसे गली में चले आने से रोकें। लगता है कि यह काफ़ी महँगा प्राणी है, और यदि हाँ, हर गुंडा-बदमाश इसकी नाक में जलती सिगरेट घुसेड़ने लगे, तो यह तबाह ही हो जाएगा। तुम्हें मालूम है कुत्ता कितना नाजुक प्राणी है। और तू अपना हाथ नीचे कर बे! गधा कहीं का। अपनी इस भद्दी उँगली को दिखाना बंद कर। यह सब तेरी अपनी गलती है..." |

Question 1.
ओचुमेलॉव ने येल्दीरीन को क्या आदेश दिया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- इस कुत्ते को जनरल साहब के पास ले जाओ।
- और बताना कि यह मुझे (ओचुमेलॉव को) मिला है।

---

Question 2.
पुलिस इंस्पेक्टर ने यह क्यों कहा कि जनरल साहब से कहना कि यह मुझे मिला है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- ऐसा करके वह जनरल साहब की चापलूसी करना चाहता था।
- भविष्य में वह अपना स्वार्थ सिद्ध कर सके।

---

Question 3.
ओचुमेलॉव ने जनरल साहब को क्या सावधानी बरतने के लिए क्यों कहा?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- यह कुत्ता काफी महँगा है।
- गुंडे-बदमाश इसकी नाक में सिगरेट घुसाएंगे तो यह तबाह हो जाएगा।

---

Question 4.
ओचुमेलॉव ने ख्यूक्रिन से क्या कहा?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- अपना हाथ नीचे कर।
- अपनी भद्दी उँगली को दिखाना बंद कर।
- यह सब तेरी गलती है।

---

(5)

"अब अधिक जाँचने की ज़रूरत नहीं है," ओचुमेलॉव ने कहा-"यह आवारा कुत्ता है। इसके बारे में इधर खड़े होकर चर्चा करने की ज़रूरत नहीं है। मैं तुमसे पहले ही कह चुका हूँ कि यह आवारा है, तो है। इसे मार डालो और सारा किस्सा खत्म!"

"यह हमारा नहीं है," प्रोखोर ने आगे कहा-"यह तो जरनल साहब के भाई का है, जो थोड़ी देर पहले इधर पधारे हैं। अपने जरनल साहब को 'बारजोयस' नस्ल के कुत्तों में कोई दिलचस्पी नहीं है पर उनके भाई . को यही नस्ल पसंद है।"

"क्या? क्या जनरल साहब के भाई साहब पधार चुके हैं? वाल्दीमीर इवानिच?” आह्लाद से सन आए अपने चेहरे को समेटते हुए, ओचुमेलॉव ने हैरानी के भाव प्रदर्शन के साथ कहा-"कितना अद्‌भुत संयोग रहा और मुझे मालूम तक नहीं। अभी कुछ दिन रुकेंगे?”

Question 1.
एक क्षण में ही महँगा कुत्ता आवारा कुत्ता कैसे हो गया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- ओचुमेलॉव को पता चल गया कि यह जनरल साहब का कुत्ता नहीं है।
- ओचुमेलॉव गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर था।

---

Question 2.
प्रोखोर ने कुत्ते के बारे में क्या बताया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- यह हमारा कुत्ता नहीं है।
- यह जनरल साहब के भाई का कुत्ता है।
- जनरल साहब की ‘बारजोयस’ नस्ल के कुत्तों में कोई दिलचस्पी नहीं है।

---

Question 3.
जनरल साहब के भाई का क्या नाम था ? उनको कैसे कुत्ते पसंद थे?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- जनरल साहब के भाई का नाम ‘बाल्दीमीर इवानिच’ था।
- उनको ‘बारजोयस नस्ल’ के कुत्ते पसंद थे।

---

Question 4.
ओचुमेलॉव के प्रसन्न होने का क्या कारण था ?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- यह कुत्ता जनरल साहब के भाई का था।
- वह उनसे मिलकर उनकी चापलूसी करना चाहता था।

---

## विषय-बोध पर आधारित प्रश्न

Question 1.
'कोई भिखारी तक भी उसके आस-पास नहीं था।' इस कथन में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- ओचुमेलॉव बहुत जालिम था।
- वह भिखारियों से भी जुर्माना वसूल करता होगा।

---

Question 2.
इस कहानी में पुलिस इंस्पेक्टर किस प्रकार रंग बदलता रहता है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- गिरगिट की तरह रंग बदलता है।
- ऐसे व्यक्ति अवसरवादी होते हैं।
- जिधर उनका स्वार्थ हो, वे उधर ही झुक जाते हैं।

---

Question 3.
ओचुमेलॉव ने कुत्ते के किकयाने की आवाज सुनकर क्या किया?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वह काठगोदाम के पास पहुँचा।
- वहाँ भीड़ इकट्ठी हो रही थी।
- एक आदमी को कुत्ते ने काट लिया।

---

Question 4.
ख्यूक्रिन ने मुआवज़ा पाने की क्या दलील दी?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- मेरा काम पेचीदा किस्म का है।
- घायल उँगली के कारण मैं एक हफ्ते तक काम नहीं कर पाऊँगा।
- मुझे इसके मालिक से हरजाना दिलाया जाए।

---

Question 5.
ख्यूक्रिन का यह कथन कि 'मेरा एक भाई भी पुलिस में है.....' समाज की किस वास्तविकता की ओर संकेत करता है?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- पुलिस विभाग भी भाई-भतीजावाद से ग्रस्त है।
- पुलिस का रौब दिखाकर लोग अनावश्यक लाभ उठाना चाहते हैं।

---

Question 6.
यह जानकर कि कुत्ता जनरल साहब के भाई का है, ओचुमेलॉव के विचारों में क्या परिवर्तन आया और क्यों?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- आवारा कुत्ता अब महँगा कुत्ता हो गया।
- अब वह सुंदर डॉगी लगने लगा।
- वह जनरल साहब के भाई को प्रसन्न करना चाहता था।
- वह अपने को उनका वफादार सिद्ध करना चाहता था।

---

Question 7.
इस कहानी का शीर्षक 'गिरगिट' क्यों रखा होगा?

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- गिरगिट अपने को शत्रु से बचाने के लिए आस-पास के वातावरण के अनुसार रंग बदल लेते हैं।
- पुलिस इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव भी मौका परस्त है। वह भी बार-बार रंग बदलता है।
- वह अपनी बात से पलटने में दक्ष भी लगता था।
- वह अवसरवादी लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।

---

Question 8.
ओचुमेलॉव के चरित्र की विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेतः

- वह एक भ्रष्टाचारी पुलिस अफसर है।
- वह रिश्वत के रूप में जो हाथ लगता है लेने में नहीं चूकता।
- वह अवसरवादी और चापूलस इंस्पेक्टर हैं।
- वह अपनी बात पर कायम नहीं रहता।

- वह दोहरे चरित्र का व्यक्ति है।

---